कार्यालय–अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।
E-mail :nodalofficerddn@gmail.com Phone/ Fax: 0135-2767611

संख्याः–1629 / FP/UK/ROAD/46634/2020 देहरादूनः दिनांकः 11 दिसम्बर, 2020

सेवा में,

अपर सचिव,
वन अनुभाग–3,
उत्तराखण्ड शासन।

**विषयः– जनपद– नैनीताल के अन्तर्गत विकास खण्ड रामगढ़ में नथुवाखान सुयालबाड़ी मोटर मार्ग छीमी से मटेला होते हुए तोला भुगियाँ देव मन्दिर तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.755 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लोक निमार्ण विभाग को हस्तान्तरण।**

**(Online proposal no- FP/UK/ROAD/46634/2020)**

महोदय,

उपरोक्त विषयक परियोजना हेतु अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, नैनीताल द्वारा वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के अन्तर्गत 1.755 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु वन भूमि हस्तान्तरण का प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। प्रस्ताव पर राजस्व विभाग/प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल एवं वन संरक्षक, दक्षिणी कुमांऊ वृत्त, नैनीताल, द्वारा भी सहमति प्रदान की गयी है। यह भी स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि उक्त वन भूमि National park/Santuary/Tiger Reserve का हिस्सा नही है। उक्त परियोजना के ऑनलाईन भरे गये पार्ट–II में अंकित की गई सूचना के अनुसार वन भूमि में विभिन्न प्रजाति के 46 वृक्ष प्रभावित हो रहे हैं।

अतः प्रस्ताव के प्रपत्र भाग–**I** से भाग–**III** एवं अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी द्वारा भरे जाने वाले प्रपत्र भाग–**IV** पर संस्तुति कर संलग्न कर इस आशय से प्रेषित किये जा रहे हैं कि कृपया प्रस्ताव पर सैद्धान्तिक स्वीकृति प्राप्त करने हेतु भारत सरकार को प्रेषित करने का कष्ट करें।
संलग्न–यथोपरि।

भवदीय,

(डी0जे0के0 शर्मा) 11/12/20
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी

संख्या / FP/UK/ROAD/46634/2020 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अपर प्रमुख वन संरक्षक भारत सरकार पर्यावरण, वन एंव जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय, (उत्तर–मध्य क्षेत्र), 25 सुभाष रोड़, देहरादून को प्रस्ताव की मूल प्रति एवं पार्ट I से IV तक संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।
2. प्रमुख वन संरक्षक, उत्तराखण्ड।
3. मुख्य वन संरक्षक, कुमाऊ, नैनीताल।
4. वन संरक्षक, दक्षिणी कुमांऊ वृत्त, नैनीताल।
5. जिलाधिकारी, जनपद–नैनीताल।
6. प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल।
7. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, नैनीताल।

(डी0जे0के0 शर्मा)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी

## भाग–IV

(नोडल अधिकारी अथवा प्रधान मुख्य वन संरक्षक अथवा अध्यक्ष, वन विभाग द्वारा भरे जाने के लिये)

परियोजना का नामः– जनपद–नैनीताल के अन्तर्गत विकास खण्ड रामगढ़ में नथुवाखान सुयालबाड़ी मोटर मार्ग छीमी से मटेला होते हुए तोला भुगियाँ देव मन्दिर तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.755 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लोक निमार्ण विभाग को हस्तान्तरण।

**(Online proposal no- FP/UK/ROAD/46634/2020)**

**जनपद–नैनीताल के अन्तर्गत विकास खण्ड रामगढ़ में नथुवाखान सुयालबाड़ी मोटर मार्ग छीमी से मटेला होते हुए तोला भुगियाँ देव मन्दिर तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.755 हे0** वन भूमि का लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरण किया जाना प्रस्तावित है। उक्त प्रस्ताव में 1.755 सिविल सोयम भूमि अर्थात कुल **1.755** हे0 वन भूमि का हस्तान्तरण निहित है। प्रस्ताव पर राजस्व विभाग, जनपद–नैनीताल / प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल एवं वन संरक्षक, दक्षिणी कुमांऊ वृत्त, नैनीताल द्वारा भी प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गयी है। यह भी स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि उक्त वन भूमि National park/Santuary/Tiger Reserve का हिस्सा नही है।

अतः प्रस्ताव पर वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के अन्तर्गत भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की सैद्धान्तिक स्वीकृति प्राप्त करने हेतु संस्तुति प्रदान की जाती है।

नाम व पदनामः
हस्ताक्षरः

(डी0जे0के0 शर्मा)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी

(D. J. K. Sharma)
APCCF & NODAL OFFICER(FC)
(UTTARAKHAND, DEHRADUN)

सरकारी मोहरः

तिथि : 11/12/2020
स्थान : देहरादून